**न्यायालय जनपद न्यायाधीश, अम्बेडकर नगर**

स्थानान्तरण वाद सं०–15/2026

सी.एन.आर. नं.–UPAN010002892026

श्रीमती मंजूलता बनाम अमरनाथ आदि

**07.03.2026**

पत्रावली प्रस्तुत हुई। प्रार्थिनी की तरफ से स्थानान्तरण प्रार्थनापत्र 3अ इस आशय का प्रस्तुत किया गया है कि न्यायालय सिविल जज (जू०डि०), एफ०टी०सी० प्रथम अम्बेडकर नगर के न्यायालय में परिवाद सं०–6464/2014 मंजूलता बनाम आदि धारा 12 घरेलू हिंसा अधिनियम, थाना सम्मनपुर, जनपद अम्बेडकर नगर में संस्थित किया गया था। उक्त मुकदमा ग्राम न्यायालय भीटी में स्थानान्तरित होकर चल रहा है, जिसका क्षेत्राधिकार वहां नहीं है। अतः याचना की गयी है कि परिवाद सं०–6464/2014 मंजूलता बनाम अमरनाथ आदि अन्तर्गत धारा 12 घरेलू हिंसा अधिनियम, थाना सम्मनपुर, ग्राम न्यायालय भीटी से स्थानान्तरित करके अधीनस्थ सक्षम अधिकारी के न्यायालय में स्थानान्तरित किया जाय।

स्थानान्तरण प्रार्थना–पत्र के प्रकाश में सम्बन्धित न्यायालयो के पीठासीन अधिकारीगण से आख्या आहूत की गयी, जो संलग्न पत्रावली है एवं क्षेत्राधिकार के सम्बन्ध में मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/सदर मुंसरिम जनपद न्यायालय, अम्बेडकर नगर की आख्या आहूत की गयी।

सुना एवं पत्रावली का अवलोकन किया।

मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/सदर मुंसरिम जनपद न्यायालय, अम्बेडकर नगर की आख्या अनुसार तहसील अकबरपुर, अम्बेडकर नगर के अन्तर्गत आने वाले धारा 12 घरेलू हिंसा अधिनियम के वादो की सुनवाई का क्षेत्राधिकार न्यायालय सिविल जज (जू०डि०) त्वरित प्रथम अम्बेडकर नगर को प्राप्त है। प्रस्तुत प्रकरण की परिवादी वर्तमान में ग्राम सलाहुद्दीनपुर, थाना सम्मनपुर, जनपद अम्बेडकर नगर में निवासरत है, जिसकी तहसील अकबरपुर से सम्बन्धित है।

उपरोक्त परिस्थितियों में प्रार्थना–पत्र में वर्णित अभिकथनों एवं सदर मुंसरिम की आख्या के आधार पर प्रस्तुत प्रकरण को स्थानान्तरित किये जाने का आधार पर्याप्त प्रतीत होता है। तद्नुसार स्थानान्तरण प्रार्थना–पत्र 3अ स्वीकार किया जाता है।

अतः परिवाद सं०–6464/2014 मंजूलता बनाम अमरनाथ आदि अन्तर्गत धारा 12 घरेलू हिंसा अधिनियम, थाना सम्मनपुर जनपद अम्बेडकर नगर ग्राम न्यायालय भीटी, अम्बेडकर नगर से वापस लेकर न्यायालय सिविल जज (जू०डि०) त्वरित प्रथम अम्बेडकर नगर में स्थानान्तरित की जाती है।

इस आदेश की एक–एक प्रति सम्बन्धित न्यायालय के पीठासीन अधिकारीगण को प्रेषित की जाय।

दिनांक–07.03.2026

(चन्द्रोदय कुमार)
सत्र न्यायाधीश,
अम्बेडकर नगर।
जे०ओ० कोड UP06553